# दूसरों की सलाह पर ही न करें बदलाव

हमारी आदत है कि हम प्रोत्साहन को देखकर प्रतिक्रिया करते हैं। वर्ष 2011 में एक शोध हुआ कि कैसे समाज में सक्रिय लोग अपने व्यवहार में बदलाव लाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो लोग इस बात को लेकर ज्यादा परेशान रहते हैं कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। जो लोग अवसाद में होते हैं, वे अपने बारे में ज्यादा बेहतर जानते हैं, बजाय उनके जो अवसादग्रस्त नहीं हैं।



कैरियर बनाने के दौरान कई बार हमें सफल होने के लिए लोग सलाह देने लगते हैं। ऐसे लोगों का मानना रहता है इनकी वजह से हम खुद के प्रति रक्षात्मक हो जाते हैं और ऐसा व्यवहार करने लगते हैं, जैसे हम कुछ गलत काम कर रहे हों और हमें अपना रवैया या तौर-तरीका सुधारने की बहुत आवश्यकता है। यहां पर यह कहना सही नहीं होगा कि दूसरों के नजरिये या सुझाव हमेशा बेकार होते हैं पर हमें कोई भी बात आंख बंद कर स्वीकार नहीं करनी चाहिये हो सकता है जो बदलावा एक के लिए ठीक रहते हैं वह जरूरी नहीं दूसरे के लिए भी सफल ही रहें।

### भीड़ से अलग होना

एक क्षण के लिए सोचें कि हम जीवन को लेकर अलग तरीके से व्यवहार करते हैं, हमारी शुरुआत अलग होती है और हमारे जीवन के अनुभव भी अलग ही होते हैं।

### सलाह देना बन रहा चलन

लोगों को बदलाव की सलाह देना आजकल का चलन बनता जा रहा है। जरूरत से ज्यादा भावनाएं दर्शाने पर आप पर स्वभाव को लेकर एक प्रकार का ठप्पा लग सकता है।

### दूसरों के लिए बदलने की जरूरत नही

हमारी आदत है कि हम प्रोत्साहन को देखकर प्रतिक्रिया करते हैं। वर्ष 2011 में एक शोध हुआ कि कैसे समाज में सक्रिय लोग अपने व्यवहार में बदलाव लाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो लोग इस बात को लेकर ज्यादा परेशान रहते हैं कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। जो लोग अवसाद में होते हैं, वे अपने बारे में ज्यादा बेहतर जानते हैं, बजाय उनके जो अवसादग्रस्त नहीं हैं।

### एकदम बदलाव संभव नही

खुद को बदलना रातोंरात संभव नहीं होता, ना तो यह नए हेयर स्टाइल से संभव है और न ही वजन घटाने से या मस्तमौला दिखने से। बेशक इन बातों से हमें अच्छा महसूस हो सकता है, लेकिन हमारी आदतें और जीवनशैली वही रहेंगी और रह-रह कर तब तक उभर कर सामने आती रहेंगी, जब तक हम उन पर पूरी तरह से काबू नहीं पा लेते। दूसरे हमें स्वीकार करें, इस दिशा में प्रयास करते हुए कई बार हम यही नहीं समझ पाते कि ऐसा करके हम तनाव में आ रहे हैं या राहत महसूस करते हैं?

# कैरियर बनाने के दौरान धैर्य से बनते हैं काम



कैरियर बनाने के दौरान कई बार हम जो सोचते हैं, परिस्थितियां उसके एकदम विपरीत हो जाती हैं। ऐसे में धैर्य से काम लेने वालों को ही अपनी मंजिल मिलती है। हालात मुश्किल हैं और ऐसे में परिस्थिति को संभालने के बजाए हम बेचैन हो जाएंगे तो बनता काम भी बिगड़ जाता है। हालात को स्वीकारना और विपरीत परिस्थिति में भी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ना हिम्मत की बात होती है। ऐसे ही लोग अपनी मंजिल पा सकते हैं।

### मुश्किल हालात रखें ये ध्यान

हर किसी का काम करने, सोचने-समझने का तरीका अलग होता है। कुछ तुरंत कदम उठा लेते हैं, तो कुछ हर तरह से सोच-समझकर आगे बढ़ते हैं। किस हालात में हम कैसी प्रतिक्रिया देंगे, क्या कदम उठाएंगे, यह इस पर भी निर्भर है कि हम क्या चाहते हैं? ,'हमारे जीवन की गुणवत्ता इस बात का दर्पण है कि हम खुद से क्या सवाल पूछते हैं।'

धैर्य रखना आसान नहीं होता। जो रखते हैं, वे जानते हैं कि उसका उन्हें फायदा ही हुआ है। सब्र की वजह से कई मुश्किल सवाल स्वयं हल हो जाते हैं और कई बड़े काम बिगड़ने से बच जाते हैं। ,'धैर्य, शांति से यह स्वीकारना है कि हमारे काम उन तरीकों से भी पूरे हो सकते हैं, जो सोचे नहीं थे।'

कठिन हालात में भी अच्छे व्यवहार का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। बेचैन होकर बिफरना, छोटी सी बात पर रिश्तों से मुंह मोड़ लेना या अपने जरा से फायदे के लिए दूसरों का बड़ा नुकसान कर देना बड़ा ही आसान होता है इससे आप कई रास्ते बंद कर लेते हैं। मुश्किल है तो उसे बचाए रखना, जो दरअसल आप हैं। कहा जाता है कि अच्छे स्वभाव वाला व्यक्ति वो सब पा लेता है, जो पाने की वह इच्छा रखता है।



# सफलता के लिए बनाएं योजना

हर व्यक्ति सफल होना चाहता है पर यह भी जाना लेना चाहिये कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता और इसके लिए हमें लक्ष्य तय कर योजना बनानी होती है। अगर योजना सही नहीं रही और प्रयास ठीक से नही किये गये तो सब धरा का धरा रह जाएगा। इसलिए सफलता के लिए लक्ष्य तय करते समय इन बातों का ध्यान रखें। इसके साथ ही अगर किस कारण वश सफलता नहीं मिलती है तो दूसरा वैकल्पिक लक्ष्य भी होना चाहिये।

### प्रेरित रहने की जरुरत

किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरणा की जरूरत होती है। बिना इसके किसी भी लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता है। इसलिए, लक्ष्य बनाते करते समय यह तय करें कि आपका लक्ष्य आपको प्रेरित करता है या नहीं। इसके लिए, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपका गोल आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है और उसे हासिल करने से आपको क्या लाभ मिलेंगे? यदि आपको परिणाम में रुचि नहीं है या उन्हें हासिल करने से आपको कोई लाभ नहीं होगा,तो काम के प्रति आपके उदासीन होने की संभावनाएं ज्यादा हैं। इसलिए, ऐसा लक्ष्य बनायें जिसे आप अपने जीवन में प्राथमिकता देते हों।

### लक्ष्य अपने अनुसार तय करें

यदि आप एक ऐसा लक्ष्य निर्धारित करना चाहते हैं जो सफलता के लिए आपको प्रेरित करता हो, तो खुद से सवाल करें कि आपका लक्ष्य आपके लिए मूल्यवान और महत्वपूर्ण क्यों है और इसका जवाब लिख लें। यह आपको न केवल दूसरों को समझाने में बल्कि खोए हुए आत्मविश्वास को पुनः हासिल करने में भी मदद करेगा। आपको अपने लक्ष्य और ऑब्जेक्टिव्स को लेकर स्पष्ट होना चाहिए जिन्हें आप अपनी सफलता के लिए निर्धारित करते हैं। लक्ष्य और ऑब्जेक्टिव्स के बारे में किसी भी तरह का भ्रम आपको सही रास्ते से भटका सकता है। यदि ऐसा नहीं होता है, तो फिर से सोचें और अपने लक्ष्य को निर्धारित करते समय स्पेसिफिक और क्लियर रहें।

### क्षमता के अनुसार ही लक्ष्य बनायें

अपनी सफलता को आंकने के लिए, टास्क, उनको पूरा करने का समय तथा अन्य जरूरी फैक्टर्स को भी शामिल करें। यदि गोल के रूप में आप अपने खर्च को कम करना चाहते हैं तो सफल होने पर उसका आकलन कैसे करेंगे? निश्चित ही जब आप खर्च में कटौती को मापने में सक्षम होंगे।
अपनी क्षमता के अनुसार ही लक्ष्य बनायें। ऐसा लक्ष्य न रखें जिसे हासिल करने की सम्भावना कम हो। इसके अलावा यह तय करें कि आप उसे हासिल करने में समर्थ हैं या नहीं।
असफलता का आपके आत्मविश्वास पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए, ऐसे लक्ष्य बिलकुल न रखें जिन्हें आप हासिल कर ही नहीं सकते हैं।
आपका लक्ष्य आपके करियर के अनुरूप ही होना चाहिए। इससे करियर में अपने लक्ष्य हासिल करने के आवश्यक फोकस विकसित करने में मदद मिल सकती हैं। इसलिए, इन्हें तय करते समय अपने जीवन और करियर को ध्यान में रखें और उसके अनुसार ही अपना लक्ष्य सेट करें।

### समय सीमा भी रखे

लक्ष्य हासिल करने की निश्चित समयसीमा होनी चाहिए। यदि आप अपने लक्ष्य को हासिल करने की समय सीमा नहीं तय करते हैं तो आप असफल हो सकते हैं। अपने गोल और ऑब्जेक्टिव्स को केवल अपने दिमाग में न रखें बल्कि उन्हें कागज पर लिखने का प्रयास करें। इससे अपने गोल और ऑब्जेक्टिव्स पर केन्द्रित रहने में मदद मिलेगी। अपने गोल और ऑब्जेक्टिव्स लिखने के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करें जिनसे दृढ़ता मिलती हो। इससे अपने गोल हासिल करने के लिए आपको प्रेरणा मिलेगी।
लक्ष्य तय किए बिना,करियर के किसी मुकाम को हासिल नहीं किया जा सकता है। उन्हें हासिल करने के लिए, ऐसे छोटे-छोटे लक्ष्य पहले तय करें, उन्हें हासिल करने के बाद आगे बढ़े। इससे राह बनती चली जाएगी।
कई बार हम लक्ष्य तय करने के बाद उसे कैसे पाना है उसकी योजना बनाना ही भूल जाते हैं। ऐसा तब होता है जब तय रणनीति और योजना पर केंद्रित होने की जगह हमारा ध्यान परिणामों पर ज्यादा केंद्रित जाता है। जिसके कारण हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं।

# त्वचा की समस्याओं से राहत के लिए करें ये उपाय



गर्मियों का मौसम अपने साथ स्किन (त्वचा) की कई समस्याओं को साथ लेकर आता है। गर्मियों की तेज चिलचिलाती धूम और गर्म हवाएं त्वचा को बुरी तरह नुकसान पहुंचाती हैं। गर्मी का मौसम शुरू होते ही कई लोगों में पिगमेंटेशन, सन बर्न, रैशेज की समस्या आम हो जाती है जिन लोगों की त्वचा संवेदनशील होती है, उनकी त्वचा ज्यादा गर्मी पड़ने से झुलस जाती है और रंगत भी काली पड़ने लगती है। ऐसे में कुछ टिप्स अपना कर आप त्वचा संबंधित कई समस्याओं से बच सकती हैं।

मुंहासे- गर्मी के मौसम में ज्यादा पसीना आने से त्वचा के पोर्स में तेल और बैक्टीरिया जमा होने लगते हैं, जिससे मुंहासे निकलने लगते हैं। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप दिन में दो बार चेहरे को ठंडे पानी से जरूर धोएं।

ड्राई स्किन- गर्मी के मौसम में ज्यादा पसीना आने, एसी रूम में बैठने और स्विमिंग पूल में ज्यादा देर तक रहने से स्किन ड्राई हो जाती है। ड्राई स्किन की समस्या से बचने के लिए नियमित तौर पर मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। ड्राइनेस से बचने के लिए माइल्ड फेस वॉश और माइल्ड साबुन का ही इस्तेमाल करें।
स्किन एलर्जी- कई लोगों को धूप में निकलने से स्किन एलर्जी हो जाती है। त्वचा पर लाल चकते पड़ने लगते हैं, जिनमें खुजली भी होती है। इससे बचने के लिए जितना हो सके धूप में जाने से बचें। जब भी बाहर जाएं खुद को अच्छी तरह से कवर जरूर कर लें। ज्यादा एलर्जी होने पर डॉक्टर से संपर्क करना ना भूलें।
सनबर्न से बचने के लिए धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीन जरूर लगाएं। बता दें, सनस्क्रीन का असर दो घंटे तक ही रहता है। इसलिए धूप में निकलते वक्त इस बात का ध्यान जरूर रखें। गर्मियों में बाहर जाते समय ऐसे कपड़े ही पहनें, जिससे शरीर पूरी तरह ढक जाए।

### मुंहासों से राहत पाने करें ये उपाय

मुंहासें सुंदरता को बिगाड़ने के साथ-साथ आपके आत्मविश्वास को भी कम करते हैं। अगर आप भी मुंहासों से परेशान हैं और घरेलू उपायों के जरिये इन्हें ठीक करना चाहती हैं तो परेशान न हों। इसके लिए कई प्रकार के उपाय हैं।

### बेकिंग सोडा

मुंहासों की समस्या दूर करने के लिए सबसे पहले बेकिंग सोडा को पानी के साथ मिलाकर उसका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने से मुंहासों की समस्या से आसानी से राहत मिल सकती है। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर सूखने दें। जब यह अच्छे से सूख जाए तो चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

### विटामिन ई

मुंहासों के गहरे निशान ठीक करने के लिए विटामिन ई के कैप्सूल एक बेहतर विकल्प साबित हो सकते हैं। इसके लिए विटामिन ई का कैप्सूल तोड़कर उसे मुंहासों के दाग पर लगाएं। इस उपाय को आप दिन में एक बार इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा करने से आपको कुछ दिनों में ही असर दिखने लगेगा।

### नींबू का रस

नींबू जैसे खट्टे फलों में सिट्रिक एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है। सिट्रिक एसिड जलन कम करने, दाग के निशान मिटाने और स्किन में पड़ने वाली झुर्रियों को दूर करने में बेहद फायदेमंद माना जाता है। नींबू का रस मेलानिन के उत्पादन को रोककर त्वचा की रंगत निखारने में भी मदद करता है।

## मलाई से त्वचा निखारें

क्या आप जानती हैं मलाई त्वचा को खूबसूरत बना सकती है। सेहत के लिए फायदेमंद मलाई त्वचा को खूबसूरत बनाने में भी बेहद लाभकारी होती है। मलाई से त्वचा की रंगत को निखारने के साथ किस प्रकार स्वस्थ बनाया जा सकता है वह इस प्रकार है। मलाई त्वचा के लिए बेस्ट मॉइस्चराइजर के तौर पर काम करती है। कुछ मिनटों तक चेहरे पर मलाई से मसाज करने से त्वचा के डैमेज टीश्यूज ठीक हो जाते हैं, जिससे त्वचा स्वस्थ बनती है।



मलाई सिर्फ त्वचा को मॉइस्चराइज ही नहीं करती है, बल्कि इससे चेहरे पर निखार भी आता है। इसके लिए मलाई में थोड़ा सा शहद मिक्स कर के चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा पर चमक आएगी। आपको जानकर हैरानी होगी कि मलाई त्वचा की रंगत को भी निखारती है। मलाई में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन पर मौजूद टैनिंग को दूर कर के त्वचा को प्राकृतिक तरीके से निखारती है। कुछ लोगों के चेहरे पर अधिक काले धब्बे होते हैं, जिनपर कई महंगी क्रीम भी असरकारी नहीं होती है। लेकिन अब आप अपने धब्बों से राहत पा सकते हैं। इसके लिए धब्बों पर मलाई लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। जल्दी असर चाहती हैं तो मलाई में थोड़ा सा नींबू का रस मिला कर लगाएं। मलाई के सूखने पर ताजे पानी से मुंह धो लें। फर्क साफ नजर आने लगेगा। रोजाना चेहरे पर मलाई लगाने से चेहरा लंबे समय तक जवां बना रहता है।मलाई में मौजूद प्रोटीन और विटामिन त्वचा में कोलेजन के प्रोडक्शन को बढ़ाता है, जिससे त्वचा जवां नजर आती है।

# गर्मी में चर्म रोगों का खतरा ज्यादा

गर्मी के मौसम में चर्म रोगियों की तादाद में तेजी आ जाती है। बढ़ती गर्मी, प्रदूषण और रहन सहन के तौर तरीकों में आए बदलाव के कारण चर्म रोग तेजी से बढ़ते हैं। एक अध्ययन के मुताबिक आज शहरी और ग्रामीण इलाकों में 10 में से 7 लोग चर्म रोगों से परेशान दिखवाई देंगे।

### पसीना



गर्मियों में त्वचा के अधिकतर रोग पसीने से संबंधित होते हैं। चिपकी हुए जगह (जांघ, बगल आदि) में पसीने के एकत्र होने और गंदगी जमा होने से फफूंद पनपने लगती है। शुरुआत में कालापन, लालपन, फुंसियां या फिर चकते बन सकते हैं। ध्यान न देने पर खुजली, एलर्जी या फिर जलन हो सकती है। छोटे बच्चों , दूध पीते नवजात में ज्यादा पसीना आने से घमौरी या फिर फोड़े फुंसी हो सकते हैं।

### यह सावधानी रखें

पसीने से छुटकारे के लिए ढीले ढाले साफ सुथरे कपडे पहनें। हो सके तो दो बार स्नान करें। पूरी तरह सूखने के बाद ही अंतःवस्त्र पहनें। अपना साबुन तौलिया अलग रखें। घर में किसी को चर्म रोग है तो उनके कपड़े धोने के लिए अलग व्यवस्था करें।

### यह न करें

डॉक्टर से संपर्क करें। अपने मन से दवा न लें क्योंकि बाजार में मिलने वाली अधिकतर क्रीम में स्टेरॉइड होता है जो संक्रमण को थोड़े समय तक दबा देता है परन्तु इससे संक्रमण ज्यादा बढ़ सकता है इसलिए डॉक्टर से दवा लें।

### कैसे करें बचाव

धूप में ना निकलें। पूरी बांह के कपड़े पहनें। कैप का इस्तेमाल करें। शुष्क त्वचा पर ज्यादा साबुन या हार्ड फेस वाश का इस्तेमाल न करें। जिन लोगों को धूप से एलर्जी है वो लोग अपनी त्वचा के लिए उपयुक्त सनस्क्रीन दो से तीन बार लगाएं। पानी खूब पीएं। गर्मी से कई लोगों की बिना ढकी चमड़ी शुष्क हो जाती है। अल्ट्रावायलेट किरणें और प्रदूषण से एलर्जी आम बात है।

### स्ट्रॉबिरी फेस पैक से निखरेगी त्वचा

स्ट्रॉबेरी खाने में तो स्वादिष्ट होता ही है यह सुंदरता भी निखारता है। स्ट्रॉबेरी में उपलब्ध एंटी-ऑक्सीडेंट गुण स्वादिष्ट होन के साथ त्वचा में कसाव और दमक लाने का काम भी करते हैं। स्ट्रॉबेरी के कुछ ऐसे ही फेस पैक की सहायता से आप सेहत के साथ अपने सौन्दर्य में भी निखार सकती हैं।

### स्ट्रॉबिरी फ्रेश क्रीम मास्क

इस मास्क को बनाने से पहले सबसे पहले आपको चाहिए स्ट्रॉबेरी प्यूरी। इस प्यूरी में फ्रेश क्रीम (ड्राई स्किन) और दही (ऑयली स्किन) के साथ एक चम्मच शहद मिला लें। अब इस मास्क को 10 मिनट के लिए चेहरे पर लगा छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धोकर साफ कर लें। यह चेहरे से मुंहासों को दूर कर स्किन पर चमक और निखार लाता है।

### स्ट्रॉबिरी फेस मास्क

इस फेस मास्क को बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने के लिए आपको 3 से 4 स्ट्रॉबेरी की प्यूरी बनानी है। अब इस प्यूरी को 15 मिनट के लिए ऐसे ही अपने चेहरे पर लगा रहने दें। 15 मिनट बाद मास्क के सूखने पर चेहरे को सादे पानी से धो लें। इस मास्क का इस्तेमाल करने पर आपके चेहरे पर चमक के साथ कसाव भी आएगा।

### स्ट्रॉबिरी और चॉकलेट मास्क-

स्ट्रॉबेरी को मसलकर उसका पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट में शहद के साथ कोको पाउडर मिलाकर उसका पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को 15 मिनट के लिए चेहरे पर लगा छोड़ दें। यह मास्क प्राकृतिक तरीके से चेहरे की मृत त्वचा की परत उतारता है। शहद में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण स्किन को मुलायम बनाता है जबकि स्ट्रॉबेरी और कोको स्किन में चमक लाने का काम करते हैं.

### स्ट्रॉबिरी और नींबू मास्क

त्वचा में चमक लाने के लिए स्ट्रॉबेरी और नींबू से बना मास्क लगाएं। यह आपकी त्वचा से टैन को दूर करके रंगत को निखारने का काम करता है। इस मास्क को बनाने के लिए स्ट्रॉबेरी पेस्ट में एक चम्मच नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर 10 मिनट के लिए इस मास्क को लगाएं। थोड़ी देर बाद चेहरे को गुनगुने पानी से साफ कर लें।

# प्रकृति एवं पर्यावरण में जहर घोलने से बढ़ी जानलेवा गर्मी



ललित गर्ग

**सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है। स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है।**



लोकसभा चुनाव के प्रचार की गर्मी भले ही समाप्त हो गयी हो लेकिन प्रकृति से जुड़ी गर्मी सौ-डेढ़ सौ वर्षों का रिकार्ड तोड़ते हुए कहर बरपा रही है। दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपातकाल है। हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को मौत के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। वैज्ञानिक बता रहे हैं कि शहरों में हीट आइलैंड बन रहे हैं, जिसके लिए मुख्य रूप से सीमेंट-तारकोल और कृत्रिम वातानुकूलित (एसीवाली) जीवनशैली जिम्मेदार है। कंक्रीट और तारकोल के जंगलों का विस्तार करने को जब तक हम अपनी जरूरत समझते रहेंगे तब तक हरे-भरे जंगलों को कटने से कोई नहीं रोक सकेगा। दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर देश जब तक जीडीपी से विकास को मापेगा, बेहिसाब औद्योगीकरण एवं शहरीकरण की होड़ रहेगी, तब तक पर्यावरण असंतुलन एवं गर्मी का प्रकोप ऐसे ही विनाश का कारण बनता रहेगा।

इस बार बढ़ती गर्मी ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिये हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। राजधानी दिल्ली के एक इलाके में अधिकतम पारा 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो देश के इतिहास का सबसे ज्यादा तापमान है। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास या ऊपर ही चल रहा है। जैसलमेर आदि स्थानों पर गर्मी इतने तेज है कि धरती तवे की तरह तप रही है, लोगों ने पापड़ सेक कर या आमलेट बनाते हुए दृश्य सोशल मीडिया पर दिखाये हैं। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की ओर ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास को भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।

विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है।

जलवायु परिवर्तन का असर अब ज्यादा स्पष्ट तौर पर दिखने लगा है। अगर गर्मी पड़ रही है तो पिछले कई दशक के रिकॉर्ड तोड़ रही है। अगर बारिश हो रही है तो कुछ घंटों में ही पूरे मॉनसून की बरसात के बराबर पानी गिर रहा है। सर्दी भी साल-दर-साल नए रिकॉर्ड बना रही है। कुल मिलाकर हर मौसम अब अप्रत्याशित क्रूरतम रुख दिखा रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, अल नीनो और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की दोहरी मार के कारण धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे धरती पर मौजूद सभी जीव-जंतुओं, वनस्पति और इंसानों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अनेक लोगों की भीषण गर्मी में जान चली गयी, बिहार की स्कूली छात्राएं बड़ी संख्या में बेहोश हो गयी। इन जटिल स्थितियों को देखते हुए गर्मी के मौसम में काम के घंटों का निर्धारण एवं स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की अवधि मौसम की अनुकूलता के अनुरूप ही होनी चाहिए। आसन्न संकट को महसूस करते हुए दीर्घकालीन रणनीति, इस चुनौती से निपटने के लिये बनाने की जरूरत है।


दुनियाभर में अगले 20 साल के भीतर कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग में कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा शृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। एशिया के अलावा यूरोप व अमेरिकी देशों में भी तापमान में अप्रत्याशित बदलाव नजर आ रहा है।

सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है। स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगह धारा 144 लागू की गई है, जो इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे। लेकिन आज संकट यह है कि पानी व शीतल पेय के कारोबारी मुनाफे के लिये सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। सरकारें भी जल के नाम पर राजनीति करती है। दिल्ली के अनेक इलाकों में बढ़ती गर्मी के साथ जल आपूर्ति एक बड़ी समस्या बनी हुई है। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को पानी से बुझाना चाहते हैं। विभिन्न प्रांतों के बीच का यह विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है, जनजीवन से खिलवाड़ कर रहा है। जीवनदायक वस्तुएं प्रभु ने मुफ्त में दे रखी है। पानी, हवा एवं प्यार और आज वे ही विवादास्पद, दूषित और झूठी हो गयी हैं। इस तरह की तुच्छ एवं स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता क्या गर्मी एवं जल-समस्याओं का समाधान दे पायेंगे?

## संपादकीय

### मोदी का यह मौन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के शायद एकमात्र ऐसे नेता हैं जिनके किसी भी कृत्य पर, किसी भी वक्तव्य पर, किसी भी विचार और अभिव्यक्ति की किसी भी भंगिमा पर सामान्य प्रतिक्रिया नहीं होती। प्रतिक्रियाओं की हिलोर उठती है जो एक तरफ इनके अनुयायियों, प्रशंसकों और भक्तों को उत्साहित, प्रफुल्लित और उमंगित कर देती है तो दूसरी ओर उनके निंदकों को चिढ़ा देती है, उनमें विरोध पैदा करती है और कभी-कभी दुर्दमनीय गुस्सा भी पैदा करती है। शायद इस समय मोदी दुनिया के एकमात्र नेता होंगे जिनकी इतनी कटु आलोचना की गई हो। मोदी बड़े ठहरे हुए अंदाज में स्वयं को दी गई गालियों की संख्या और प्रकृति का जिक्र करते हैं और यह भी कहते हैं कि यह गालीप्रूफ हो चुके हैं। उनकी मुद्रा से लगता भी यही है कि वे सचमुच गालीप्रूफ हो चुके हैं। अब चुनाव के दौर में एक-एक दिन में कई-कई रैलियों को अनथक संबोधित करने के बाद और विरोध तथा समर्थन की अनेकानेक प्रतिक्रिया उत्पन्न करने के बाद प्रचार की समाप्ति पर उन्होंने 48 घंटे मौन व्रत साधना कन्याकुमारी के विवेकानंद स्मारक पर करने का निर्णय लिया तो उनका यह भला सा लगने वाला कदम भी विपक्षियों को कुरेदे बिना नहीं रह सका।



बहुत से लोग जो प्रधानमंत्री को एक ही तर्ज पर, एक ही भाषा में, लगभग एक जैसी विषयवस्तु के ईर्द-गिर्द मोटे-तगड़े, कटु-कर्कश वाक प्रहार करते ऊब गए थे, उन्होंने सचमुच राहत की सांस ली कि कम-से-कम 48 घंटे उन्हें शांति के प्राप्त होंगे। कायदे से विपक्ष को भी उस चुप्पी पर चैन की सांस लेनी चाहिए थी कि भले ही चुनाव के अंत में ही सही कुछ घंटे तो शांति मिल ही रही है, लेकिन 'झड़े में कूड़ा' फेंक दिया। कहा कि मोदी मौन रहकर कैमरे के जरिये अपना प्रचार कर रहे हैं, वो तप नहीं तमाशा कर रहे हैं और कुछ ने तो ये कह दिया कि हार के डर से भगवान की शरण में गए हैं। बहरहाल, विपक्ष का जो काम है वह कर रहा है लेकिन देश के लोग कामना कर सकते हैं कि जिस शिला पर कभी विवेकानंद ने तपस्या की थी उसी तरह से मोदी भी ध्यान-साधना समाप्ति के पश्चात ऐसे भारत की संकल्पना लेकर लौटेंगे जो सर्वसमावेशी हो, जिसकी शैली भद्रतापूर्ण लोकतांत्रिक हो, जिसकी व्यावहारिकता निंदा, आलोचना, आरोप-प्रत्यारोप की न होकर परस्पर समझदारी, सहयोग और सहकार की हो। मोदी ऐसी साधना कर रहे हों तो सफल हों।

## चिंतन-मनन

### समानता का संदेश

पैगंबर मोहम्मद साहब ने मक्का विजय के बाद एक नीग्रो गुलाम बिलाल को पवित्र काबा की छत पर चढ़कर नमाज के लिए अजान देने का हुक्म दिया। बिलाल ने कुछ ही समय पहले इस्लाम अपनाया था। जब वह पवित्र काबा की छत पर चढ़ा तो कुछ कुलीन अरब नागरिक चिल्लाकर बोले, ओह! बुरा हो उसका, वह काला हब्शी अजान के लिए पाक काबा की छत पर चढ़ गया।

अश्वेतों के प्रति यह पूर्वाग्रह देख पैगंबर मोहम्मद साहब परेशान हो गए। उन्होंने कहा, ऐ लोगो! यह याद रखो कि सारी मानव जाति केवल दो श्रेणियों में बंटी है। पहली धर्मनिष्ठ, खुदा से डरने वाली, जो खुदा की दृष्टि में सम्मानित है। दूसरी जो उल्लंघनकारी, अत्याचारी, अपराधी, निर्दयी और कठोर है, जो खुदा की नजर में गिरी हुई है। संसार के सभी लोग एक ही आदमी की औलाद हैं।

अल्लाह ने आदम को मिट्टी से पैदा किया था। इसकी सत्यता का प्रमाण पवित्र कुरआन में इन शब्दों में दिया गया है :ऐ लोगो! हमने तुमको एक मर्द और एक औरत से पैदा किया और तुम्हारी विभिन्न जातियां और वंश बनाए, ताकि तुम एक दूसरे को पहचानो। असल में अल्लाह की निगाह में तुममें सबसे अधिक सम्मानित वह है, जो अल्लाह से सबसे ज्यादा डरने वाला है। अल्लाह पूरी तरह खबर रखने वाला है।

मोहम्मद साहब ने अपने अनुयायियों को हमेशा रूप-रंग, जाति-नस्ल, ऊंच-नीच या किसी भी किस्म के भेदभाव से दूर रहने को कहा। इन उपदेशों से अरब प्रभावित हुए और उन्होंने उनका पूरी तरह पालन किया। उन्होंने इस्लाम अपनाने वाले गुलाम नीग्रो लोगों से अपनी बेटियां ब्याह कर उनसे सम्मानजनक संबंध बनाए।

# क्या भारत में वरिष्ठ नागरिक होना गलत है?

क्या हमारे लिए अपना पूरा जीवन दांव पर लगा देने वाले वरिष्ठ नागरिकों का हमारी नजरों में कोई मूल्य नहीं?

कुछ दिन पहले की बात है, मैं अपने घर से बाहर गली में टहल रहा था, मैं क्या देखता हूं कि एक बुजुर्ग सज्जन सड़क के बीच कैंडी बेच रहे हैं, जो ठीक से चल भी नहीं पा रहे हैं। टेका लेकर चलने में एक छड़ी उनकी मदद कर रही थी। चेहरा कुछ जाना-पहचाना सा लग रहा था। मैं भीतर तक हिल गया, जब मुझे याद आया कि वे कौन हैं। वे हाई स्कूल के समय के मेरे गणित के शिक्षक थे। उन्हें इस हालत में देखकर मुझे गहरा सदमा लगा। मैं उसके पास गया और जैसे ही मैंने अपना परिचय दिया, उनके चेहरे के गंभीर भाव धीरे-धीरे बदलने लगे, और एक फीकी-सी मुस्कान उनके चेहरे पर दिखी। मेरे भीतर उसके साथ अधिक समय बिताने के लिए उत्सुकता काफी बढ़ गई और मैंने उन्हें सुझाव दिया कि हम पास के पार्क में थोड़ी देर साथ बैठते हैं। मैंने उन्हें सबसे पास वाली बेंच तक पहुँचने में मदद की और हम बैठ गए। शुरुआत में कुछ अनौपचारिक बातचीत के बाद, मेरी जिज्ञासा मुझ पर हावी हो गई और मैं पूछने से खुद को नहीं रोक सका, ?सर, क्या वजह है, जो आप इस हाल में हैं??

मेरा प्रश्न सुनते ही उनके चेहरे के भाव एक बार फिर बदलने में क्षण भर का भी समय नहीं लगा, इस बार उनके झुर्रीदार चेहरे पर गहरी उदासी छा गई। उन्होंने मुझे बताया कि मुझे और मेरी पत्नी को कुछ वर्ष पहले एक दुर्घटना का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप मेरा एक पैर टूट गया और मेरी पत्नी की दर्दनाक मृत्यु हो गई। पत्नी के निधन के बाद, कुछ समय तक तो मेरे दोनों बेटे मेरे साथ ही रहे, लेकिन एक-एक करके कुछ समय बाद दोनों विदेश वापस लौट गए। मैंने अपनी अधिकांश बचत अपने बेटों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा अर्जित करने और उन्हें विदेश भेजने में लगा दी थी। जो थोड़ा-बहुत पैसा बचा था, सो वह दैनिक जीवन के भरण-पोषण में लगता चला गया।

हालाँकि, पेंशन या बीमा पर भरोसा न करने के कारण, मेरी बचत कुछ ही समय में शून्य में तब्दील हो गई, जिसकी वजह से मैं भर पेट भोजन पाने के लिए भी मोहताज हो गया। जब मदद के लिए अपने बेटों से बात की और अपनी गंभीर परिस्थितियों के बारे में उन्हें बताया, तो उन्होंने कई तरह के बहाने बनाकर मुझसे जैसे किनारा ही कर लिया। कोई अन्य विकल्प न होने पर, पेट पालने के लिए जो कुछ भी कर सकता था, वह किया। दैनिक जरूरतें ही तो पूरी करना हैं, इसलिए मामूली आय के रूप में सड़कों पर घूम-घूमकर कैंडी बेचकर अपना गुजरा कर रहा हूँ। बच्चे जब मुझे देखते ही भागते हुए मेरे पास आ जाते हैं, तो मन को कुछ ऐसा सुकून मिल जाता है, जैसे अपने पोते-पोतियों से मिलने का मौका मिल गया हो। मेरे जीने और मुस्कुराने की सबसे बड़ी वजह ही ये बच्चे बन गए हैं।

उनकी कहानी ने मुझे भीतर तक झकझोर कर रख दिया। उस दिन मैंने यह महसूस किया कि वे इस दुर्दशा से अकेले नहीं जूझ रहे हैं। देश में ऐसे अनगिनत बुजुर्ग व्यक्ति हैं, जिन्हें अपने अंतिम दिनों में इसी तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वो बच्चे, जिनका जीवन बेहतर बनाने के लिए माता-पिता अपने जीवन का सुख-चैन तक हँसी-खुशी न्यौछावर कर देते हैं, उनकी बेहतर परवरिश में कोई कसर नहीं छोड़ते, जो वे नहीं कर पाए, उनके बच्चे सब करें, ऐसी सोच रखते हैं, उन माता-पिता को समय आने पर अपने ही बच्चों से सिवाए धुत्कार कुछ नहीं मिलता। उम्र के अंतिम पड़ाव पर आकर उनके अपनों और यहाँ तक कि सरकारों द्वारा भी मौत के भरोसे छोड़ दिया जाता है, हाँ वही सरकार, जो सम्मानजनक जीवन के खोखले वादे करती है।

क्या उम्र बढ़ जाने से किसी व्यक्ति का मोल कम हो जाता है? क्या हमारा मोल सिर्फ भौतिक सुख-सुविधाओं से ही मापा जाता है? यदि हमारे युग की गंभीर वास्तविकता यही है, तो क्या इसका मतलब यह है कि 60 की उम्र पार करने के बाद बुजुर्ग पैसा खर्च करने के लायक नहीं हैं? या फिर इस उम्र में उनके कोई खर्चे ही नहीं होते हैं? कोई स्पष्ट तो करे कि इसे समझा क्या जाए? ऐसे हजारों प्रश्न हमारे समाज में बुजुर्ग नागरिकों के प्रति व्यवहार को चुनौती देते हैं और हमें अपनी प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित करते हैं।

कुछ समय पहले, माननीय राज्यसभा सांसद जया बच्चन जी द्वारा एक महत्वपूर्ण बहस छेड़ी गई थी, जिसमें उन्होंने भावुक भाषण देते हुए कहा कि सरकार को 65 वर्ष की आयु तक पहुँचने के बाद वरिष्ठ नागरिकों को अनिवार्य रूप से मार डालना चाहिए, क्योंकि सरकार उन पर ध्यान ही नहीं दे रही है। इसके अलावा, उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए कुछ विशेष अधिकारों की माँग की। हालाँकि, यह बयान सुनने और देखने में उत्तेजक प्रतीत हो सकता है, लेकिन यह भारत की बुजुर्ग आबादी द्वारा सामना किए जाने वाले कुछ बेहद गंभीर मुद्दों पर प्रकाश डालता है। ऐसा लगता है कि भारत में वरिष्ठ नागरिक न सिर्फ अपनों, बल्कि दूसरों को भी बोझ लगने लगे हैं। जीवन का सबसे अधिक तजुर्बा होने और हमें श्रेष्ठ जीवन देने के नाते उन्हें जो हकीकत में सम्मान और देखभाल मिलनी चाहिए, अब वह मॉडर्न जमाने में कहीं गुम हो गई है। नई दुनिया के ढकोसलों की चपेट में आकर शायद हम उनके अधिकारों को भूल बैठे हैं।

भारत में वरिष्ठ नागरिकों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। 70 वर्ष की आयु के बाद उन्हें चिकित्सा बीमा से वंचित कर दिया जाता है। यह सबसे बड़े कारणों में से एक है कि उनकी उम्र बढ़ने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा उनकी पहुँच से बाहर होती जाती है। इतना ही नहीं, लोन और ड्राइविंग लाइसेंस तक पहुँच को भी प्रतिबंधित कर दिया जाता है, जिससे उनकी स्वतंत्रता आपो-आप ही सीमित हो जाती है। बात यहीं आकर खत्म नहीं होती, सरकार को आजीवन भर-भर कर टैक्स और प्रीमियम्स देने और समाज में तमाम तरह के योगदान देने के बावजूद उनके लिए रोजगार के अवसर कम ही हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से दूसरों पर निर्भर हो जाते हैं।

यदि हम अब भी नहीं पहचान सकें कि वरिष्ठ नागरिक समाज के लिए एक अमूल्य संपत्ति हैं, तो बहुत देर हो जाएगी। वे ज्ञान, मार्गदर्शन और हमारी विरासत से हमें जोड़कर रखने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम हैं। वे हमारे समाज के नैतिक ढाँचे को आकार देने में मदद करते हैं और परंपराओं को आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं।

सरकार को चाहिए कि वह देश के वरिष्ठ नागरिकों की भलाई को प्राथमिकता दे। वे पूरे देश से समर्थन के पात्र हैं, जिसमें पेंशन, यात्रा रियायतें, सरकारी सहायता के साथ अनिवार्य बीमा और कानूनी मामलों का तुरंत समाधान शामिल है। प्रत्येक शहर में आवास के माध्यम से आवश्यक सुविधाओं के साथ वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है और समुदाय की भावना को बढ़ावा दिया जा सकता है।


संक्षेप में, यह जरूरी है कि हम वरिष्ठ नागरिकों के उस अपार मूल्य को स्वीकार करें, जो वे हमारे समाज में लाते हैं और उन्हें वह देखभाल, सम्मान और समर्थन प्रदान करें, जिसके वे उचित हकदार हैं, क्योंकि उन्होंने अपना पूरा जीवन हमारी देखभाल करने में बिता दिया है, इसलिए अब बारी हमारी है।

- अतुल मलिकराम

# मुद्दा : चुनावों में पारदर्शिता पर जोर



रजनीश कपूर



वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव अपने अंतिम चरण तक पहुंच गए हैं। आने वाले दिनों में सभी को चुनावी एग्जिट पोल और 4 जून का बेसब्री से इंतजार रहेगा। सभी यह देखना चाहेंगे कि विवादों में घिरी 'ईवीएम' किसकी सरकार बनाएगी? हर राजनैतिक दल बड़े-बड़े दावे कर रहा है कि उसका दल या उसके समर्थन वाला समूह सरकार बनाने जा रहा है। ऐसे में यह भी देखना जरूरी है कि केंद्रीय चुनाव आयोग जिसकी कार्यशैली पर कई सवाल उठे, वह इस चुनाव को कितनी पारदर्शिता से संपूर्ण करेगा?

देश का आम चुनाव हमेशा से ही एक पर्व की तरह मनाया जाता है। इसमें हर राजनैतिक दल अपने अपने वोटरों के पास अगले पांच साल के लिए उनके मत की अपेक्षा में उन्हें बड़े-बड़े वादे देकर लुभाने की कोशिश करते हैं, परंतु देश की जनता भी यह जान चुकी है कि दल चाहे कोई भी हो, राजनैतिक वादे सभी दल ऐसे करते हैं कि मानो जनता उनके लिए पूजनीय है और ये नेता उनके लिए कुछ भी करने को तैयार हैं, परंतु क्या वास्तव में ऐसा होता है कि चुनावी वादे पूरे किए जाते हैं? चुनाव का आयोजन करने वाली सर्वोच्च सांविधानिक संस्था केंद्रीय चुनाव आयोग इन चुनावों को कितनी पारदर्शिता से कराती है इसकी बात बीते कई महीनों से सभी कर रहे हैं। चुनाव आयोग की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हर दल को पूरा मौका दिया जाए और निर्णय देश की जनता के हाथों में छोड़ दिया जाए। बीते कुछ महीनों में चुनाव आयोग पर पहले ईवीएम को लेकर और फिर वीवीपैट को लेकर काफी विवाद रहा। हर विपक्षी दल ने एक सुर में यह आवाज लगाई कि देश से ईवीएम को हटा कर बैलट पेपर पर ही चुनाव कराया जाए, परंतु देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए अधिक सावधानी बरतने को कहा और ईवीएम को जारी रखा। इन विवादों के बाद चुनाव की मतगणना को लेकर फॉर्म 17सी पर एक नई बहस उठी जो देश की शीर्ष अदालत जा पहुंची। दरअसल, फॉर्म 17सी वह फॉर्म होता है जिसमें चुनाव संचालन नियम, 1961 के तहत देशभर के प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकार्ड होता है। फॉर्म 17सी में मतदान केंद्र के कोड नंबर और नाम, मतदाताओं की संख्या। उन मतदाताओं की संख्या जिन्होंने मतदान न करने का निर्णय लिया। उन मतदाताओं की संख्या जिन्हें मतदान करने की अनुमति नहीं मिली। दर्ज किए गए वोटों की संख्या। खारिज किए गए वोटों की संख्या। वोटों के खारिज करने के कारण। स्वीकार किए गए वोटों की संख्या। डाक मतपत्रों का डाटा भी शामिल होता है। इस जानकारी को मतदान अधिकारियों द्वारा भरा जाता है और प्रत्येक बूथ के पीठासीन अधिकारी द्वारा जांचा भी जाता है। मतगणना के दिन, गिनती से पहले, फॉर्म 17सी के दूसरे भाग में प्रत्येक बूथ से गिने गए कुल वोट व डाले गए कुल वोटों की समानता को जांचा जाता है। यह व्यवस्था किसी भी पार्टी द्वारा वोटों में हेरफेर से बचने के लिए बनाई गई है। यह डाटा मतगणना केंद्र के पर्यवेक्षक द्वारा दर्ज किया जाता है। प्रत्येक उम्मीदवार (या उनके प्रतिनिधि) को फॉर्म पर हस्ताक्षर करना होता है, जिसे रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जांचा जाता है। इसके बाद ही मतों की गिनती शुरू होती है। गौरतलब है कि मतदान डाटा का उपयोग चुनाव परिणाम को कानूनी रूप से चुनौती देने के लिए किया जा सकता है। एक ओर जहां चुनाव में ईवीएम से छेड़छाड़ पर सवाल उठाया गया है वहीं फॉर्म 17सी से मतदान में हुई गड़बड़ी (यदि हुई हो तो) का पता चल सकता है।

जिस तरह पहले और दूसरे चरण के मतदान के आंकड़ों को जारी करने में देरी व बदलाव को लेकर चुनाव आयोग पर प्रश्न उठा तो विपक्ष ने फॉर्म 17सी को लेकर विवाद खड़ा कर दिया। देश की शीर्ष अदालत में चुनाव आयोग ने अपना पक्ष रखा और विपक्षी पार्टियों ने अपना पक्ष रखा, परंतु सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कोई निर्णय नहीं दिया। बीते सप्ताह देश के नामी वकील और सांविधानिक विशेषज्ञ कपिल सिब्बल ने प्रेस सम्मेलन में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से एक चेकलिस्ट जारी की। सिब्बल ने हर राजनैतिक दल और उनके मतदान/मतगणना एजेंटों के लिए आगामी 4 जून को आम चुनाव की गिनती से पहले जारी की गई इस चेकलिस्ट के माध्यम से यह समझाया है कि उन्हें कब क्या देखना है। सिब्बल के अनुसार ?बहुत से लोग कह रहे हैं कि इन मशीनों के साथ संभवतः छेड़छाड़ की गई है। इसलिए, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनके साथ कोई छेड़छाड़ न हो, इससे ज्यादा कुछ नहीं।' सिब्बल की इस चेकलिस्ट का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। जिस तरह चुनाव आयोग इवीएम और वीवीपैट को लेकर पहले से ही विवादों में घिरा हुआ है उसे चुनाव में पारदर्शिता का न केवल दावा करना चाहिए बल्कि पारदर्शी दिखाई भी देना चाहिए।

मालिक , प्रकाशक और मुद्रक, सरवर जमाल ने आर० डी० प्रिंटस एण्ड पब्लीशर प्रा०लि० प्लाट नं०- 16-17 पाटलिपुत्रा इन्डस्टीयल एरिया रोड नं०-9 पटना - 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी ब्लाक रंजित रेसीडेन्सीज, साकेत पुरी, मछली गली, राजा बजार पटना पिन- 800014 से प्रकाशित किया। सम्पादकः शबाना प्रविन * पी.आर.बी.एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार। PRGI NO - BIHHIN/2023/86924, E-mail:newsindogulf 730@gmail.com Mob--9472871824/8544031786 मैनेजिंग एडिटर : डा० राजिव कुमार, सब एडिटर : डा० नुतन कुमारी



# मडगांव एक्सप्रेस में शेर के किरदार में कैसे ढले प्रतीक गांधी? अभिनेता ने किया खुलासा

अभिनेता प्रतीक गांधी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म डेढ़ बीघा जमीन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म शुक्रवार से जियो सिनेमा पर अपने प्रीमियर के लिए तैयार है। अभिनेता जोरो-शोरों से इसका प्रमोशन कर रहे हैं। प्रतीक को आखिरी बार कुणाल खेमू के निर्देशन डेब्यू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में देखा गया था। हालिया इंटरव्यू में प्रतीक ने अपनी पिछली फिल्म पर भी बात की। साथ ही कुणाल खेमू के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा करते नजर आए।

## मडगांव एक्सप्रेस में अपने किरदार पर प्रतीक की दो टूक

अभिनेता प्रतीक गांधी का कहना है कि लेखक-निर्देशक कुणाल खेमू स्पष्ट थे कि वह मडगांव एक्सप्रेस को कैसे आकार देना चाहते हैं। फिल्म में प्रतीक ने एक नम्र मामा के लड़के की भूमिका निभाई, जो एक आत्मविश्वासी व्यक्ति में बदल जाता है और गलती से नशीली दवाओं का सेवन करने के बाद शेर की तरह व्यवहार करना शुरू कर देता है। रोड ट्रिप ड्रामा खेमू के निर्देशन में पहली फिल्म थी। दिव्येंदु और अविनाश तिवारी अभिनीत, कहानी तीन बचपन के दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी लंबे समय से योजनाबद्ध गोवा यात्रा तब बिगड़ जाती है जब वे ड्रग माफियाओं और बंदूकधारी गुंडों से मिलते हैं।

## बांधे कुणाल खेमू की तारीफों के पुल

गुजराती थिएटर आर्टिस्ट और फिल्म स्टार प्रतीक गांधी को हिंदी सिनेमा में स्कैम 1992- द हर्षद मेहता स्टोरी से ख्याति हासिल हुई। वहीं, मडगांव एक्सप्रेस पर अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए प्रतीक ने कहा कि खेमू ने प्रभाव को बढ़ाने के लिए पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में शेर की दहाड़ को जोड़ा। प्रतीक के अनुसार, कुणाल ने पोस्ट प्रोडक्शन में शेर की पूरी दहाड़ को जोड़ा, मुझे यकीन है कि पोस्ट में भी, उन्होंने कई चीजों की कोशिश की होगी और फिर फैसला किया कि यह सबसे अच्छा काम करता है।



# सत्यवती के रूप में नज़र आनेवाली शिल्पा शेट्टी ने फिल्म की शूटिंग पूरी की

वर्ष 2024 में शिल्पा शेट्टी ने इंडियन पुलिस फोर्स में अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। और अब, वह केडी - द डेविल में सत्यवती के रूप में सभी का दिल जितने के लिए तैयार है। शिल्पा शेट्टी ने मैसूर में ध्रुव सरजा और संजय दत स्टारर इस फिल्म का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया है। मार्च में, यह घोषणा की गई थी कि अभिनेत्री सत्यवती के रूप में केडी के बैटलफील्ड में शामिल होंगी। पोस्टर में शिल्पा रेट्रो लुक रिलीज़ किया गया था , जिसमे वे पोल्का डॉट्स साड़ी और ओवरसाइज्ड चश्मा पहने हुए नज़र आयी थी । केडी - द डेविल के निर्देशक प्रेम ने शिल्पा को एक पावरहाउस कहा था और लिखा था, युद्ध राज्यों के बीच होता है और एक राज्य को एक शक्तिशाली सत्यवती की आवश्यकता होती है। शिल्पा पहले भी कन्नड़ फिल्मों में काम कर चुकी हैं, इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त और नोरा फतेही भी होंगी। 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित एक पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी रविचंद्रन भी हैं। केवीएन प्रोडक्शंस प्रस्तुत करता है केडी-द डेविल, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। पैन-इंडिया बहुभाषी तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।





# मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का हुआ ब्रेकअप

बीते कई महीनों से अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा के ब्रेकअप की खबरें सुर्खियों में हैं। लेकिन अब उनसे जुड़े कुछ करीबियों ने इन खबरों को कन्फर्म कर दिया है। दोनों ही ब्रेकअप पर चुप्पी साधे हुए है और नहीं चाहते हैं कि लोग उनका रिश्ता टूटने पर बतंगड बनाएं। हाल ही में आई रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से लिखा गया है, मलाइका और अर्जुन का रिश्ता बेहद खास रहा है और दोनों के दिलों में एक-दूसरे के लिए खास जगह रहेगी। उन्होंने अलग होने का फैसला कर लिया है और वो इस मामले में गरिमामई चुप्पी बनाए रखना चाहते हैं। वो नहीं चाहते कि कोई भी इस मामले को तोड़-मरोड़कर पेश करे। आगे बताया गया है, उनका काफी लंबा, लविंग रिश्ता था, जो दुर्भाग्य से अब खत्म हो चुका है। इसका मतलब ये नहीं है कि दोनों के बीच अब कड़वाहट आ गई है। वो दोनों एक-दूसरे की इज्जत करते है और हमेशा एक दूसरे के लिए सपोर्ट बनकर रहेंगे। बदलते सालों के साथ उन्होंने एक-दूसरे को सम्मान दिया है। वो अलग होने के बाद अब भी वही इज्जत देते रहेंगे। दोनों ही लंबे सालों तक सीरियस रिलेशनशिप में रहे हैं और वो चाहते हैं कि लोग उनके इस इमोशनल टाइम में स्पेस देंगे।

शादी के चलते रिश्ते में आई अनबन!

जनवरी में आई ज़ूम की रिपोर्ट के मुताबिक, मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने नवंबर 2023 में ही ब्रेकअप कर लिया था। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि दोनों में से कोई एक शादी कर सेटल होना चाहता था, जबकि दूसरा इसके लिए समय चाहता था। यही वजह उनकी अनबन का कारण बनी थी। बताते चलें कि दोनों के ब्रेकअप की खबरें तब सुर्खियों में आई जब मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन और उनके रिलेटिव्स को इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया।



# कैसे मुझे तुम मिल गए में मेरे किरदार को दर्शक रखेंगे सालों तक याद

टीवी एक्ट्रेस किशोरी शहाणे विज एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से 35 साल से जुड़ी हुई हैं। इन दिनों वह शो कैसे मुझे तुम मिल गए में नजर आ रही हैं। अपने किरदार को लेकर उन्होंने बताया कि कैसे वह हर दिन अपना 100 प्रतिशत देती हैं, ताकि दर्शक उनके किरदार बबीता आहूजा को आने वाले कई सालों तक याद रखें। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए किशोरी ने कहा, जब मुझे पता चला कि बबीता का किरदार नेगेटिव है, तो इससे मुझे जरा भी हैरानी नहीं हुई। यह किरदार नेगेटिव होने के साथ-साथ मजबूत भी है, जो हमेशा विराट की सुरक्षा का ध्यान रखता है। उन्होंने कहा, बबीता के नजरिए से देखें तो वह अपने बेटे की रक्षा कर रही है और उसमें कुछ भी गलत नहीं है। इस किरदार को निभाना चुनौतीपूर्ण है। वह कोई बुरी इंसान नहीं है, वह सिर्फ अपने परिवार की रक्षा करती है। ऐसे कई पल आते हैं जब अमृता के प्रति उसका स्वभाव बदल जाता है, जिससे मुझे अपने किरदार में अचानक बदलाव लाना होता है, मेरा मानना है कि दर्शक इस किरदार को एन्जॉय करेंगे। एक्ट्रेस ने कहा, मेरे किरदार का एक बड़ा मकसद है और एक एक्टर के लिए ऐसे किरदार को निभाना हमेशा दिलचस्प भरा होता है। हर दिन, मैं अपना 100 प्रतिशत देती हूं ताकि आने वाले कई सालों में मेरे किरदार बबीता आहूजा को याद किया जाए। शो में सृति झा अमृता की भूमिका में हैं और अर्जित तनेजा विराट का रोल निभा रहे हैं। शो में, अमृता और विराट की नकली शादी का सीक्वेंस चल रहा है। शादी की तैयारियों के बीच वे उस अपराधी को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं जिसने उनकी गलत तस्वीरें लीक की थी। वहीं, विराट की मां बबीता खुद को पकड़े जाने से बचाने की पूरी कोशिश कर रही है। सीरियल में हर बार की तरह दो प्यार करने वाले शख्स एक दूजे पर भरोसा करने से बच रहे हैं। ऐसे में दर्शक मेकर्स से कुछ नया लाने की मांग कर रहे हैं। कैसे मुझे तुम मिल गए जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# आप कितने भी कामयाब क्यों न हो जाओ, आप ट्रोलिंग से बच नहीं सकते

सुपरहिट धारावाहिक दीया और बाती से अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने शो मंगल लक्ष्मी से छोटे पर्दे पर वापसी की। इस शो को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। जहां एक तरफ उनकी एक्टिंग की सराहना की जाती है, तो वहीं वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने डांसिंग वीडियो को लेकर ट्रोल होती रहती है। दीपिका ने कहा, ट्रोलिंग का मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता। मैं इसे बहुत शालीनता से स्वीकार करती हूं, क्योंकि मेरे आस-पास मेरे माता-पिता, पति और मेरे ओडिसी डांस टीचर्स जैसे लोग हैं। उनके साथ रहकर मैंने जिंदगी की हर परिस्थितियों को स्वीकार करना सीखा है। उन्होंने मुझे सिखाया है कि चाहे आप कितने भी कामयाब क्यों न हो जाओ, आप इससे बच नहीं सकते। एक्ट्रेस ने कहा, सभी लोग आपको स्वीकार नहीं कर सकते। जो लोग आपकी तरह सोचते हैं, केवल वही आपको स्वीकार कर पाएंगे। मेरे जैसे लोग ही मुझे समझेंगे। दीपिका ने कहा, कुछ लोग मुझे पसंद तो करते हैं लेकिन मेरी सराहना नहीं करते। लेकिन मैं जानती हूं कि मैं क्या कर रही हूं। मैं खुद के बारे में सोचना पसंद करती हूं, ना कि इस बारे में कि दूसरे क्या सोचते हैं। मैं अपने लिए और अपनी खुशी के लिए काम करती हूं, चाहे वह मेरा इंस्टाग्राम पेज हो या मेरी एक्टिंग। एक्ट्रेस ने कहा, यह मेरी लाइफ है और भगवान ने मुझे इसके लिए चुना है, इसलिए मैं किसी के भी प्रति जवाबदेह नहीं हूं। यही वजह है कि ट्रोलिंग और आलोचनाओं का मुझ पर कोई असर नहीं होता। उन्होंने कहा, जब आपको कामयाबी मिलती है और आप ऊपर की ओर बढ़ रहे होते हैं, तो आपको प्रतिरोध का सामना करना पड़ता है, क्योंकि एक ऐसी शक्ति होती है जो आपको नीचे गिराने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, जब बिना किसी कारण के ट्रोलिंग होती है, तो मुझे पता चलता है कि मैं अच्छा काम कर रही हूं, इसीलिए लोग मुझे नीचे गिराने की कोशिश कर रहे हैं। फिर मैं और भी ज्यादा ताकत के साथ वापस आती हूं और पहले से भी बेहतर काम करती हूं। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मेरे आलोचक भी हैं। दीपिका ने कहा, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दिखते ही नहीं। कम से कम, मुझे लोग देख तो रहे हैं जो मेरी आलोचना कर रहे हैं, इसका मतलब है कि मैं कुछ अच्छा कर रही हूं। इसलिए मैं खुश हूं। मंगल लक्ष्मी कलर्स पर प्रसारित होता है।





# भंसाली की 'देवदास' ना करने का मनोज बाजपेयी को है पछतावा

मनोज बाजपेयी की फिल्म 'भैयाजी' सिनेमाघरों में आ चुकी है। हालांकि, फिल्म कुछ खास कमाल नहीं कर पा रही है, लेकिन मनोज बाजपेयी अपने अभिनय के चलते चर्चा में बने हुए हैं। अभिनेता से जब एक साक्षात्कार में पूछा गया कि क्या उन्हें किसी फिल्म को ठुकराने का पछतावा है? इसपर अभिनेता ने कहा कि उन्होंने ऐसी कोई भी फिल्म नहीं ठुकराई है जो व्यावसायिक रुप से बहुत अच्छी चली हो, सिवाय संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' के।

## देवदास बनना चाहते थे मनोज बाजपेयी

अभिनेता ने बताया कि वह भंसाली की इस फिल्म में देवदास की भूमिका निभाना चाहते थे, जो शाहरुख खान को मिली। बता दें कि अभिनेता अपने थिएटर के दिनों से ही देवदास की भूमिका निभाना चाहते थे।

## 'देवदास' छोड़ने का है पछतावा

यूट्यूब पर दिए गए एक साक्षात्कार में जब मनोज बाजपेयी से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी ऐसी फिल्म को ठुकराया है जो बड़ी हिट हुई हो। उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा कि नहीं। अभिनेता ने आगे कहा, 'हां मुझे देवदास में जैकी श्रॉफ की भूमिका की पेशकश की गई थी, लेकिन उसके लिए मैंने तुरंत मना कर दिया। मैंने संजय से कहा, संजय, यार, मेरी तो हमेशा से इच्छा थी देवदास करने की। वह फिल्म सुपरहिट हुई, लेकिन मुझे उसे छोड़ने का पछतावा है। मैं अपने थिएटर के दिनों से ही देवदास का किरदार निभाना चाहता था। लेकिन मुझे इस बात का कभी बुरा नहीं लगा।'

## शेखर सुमन को चुन्नी लाल के किरदार की हुई थी पेशकश

हीरामंडी के प्रचार के दौरान शेखर सुमन ने भी साझा किया था कि देवदास में उन्हें चुन्नी लाल का किरदार निभाने की पेशकश हुई थी, लेकिन अपनी व्यस्तता के चलते वह इस किरदार को नहीं कर सके। 'देवदास' शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित के करियर में मील का पत्थर साबित हुई।

# ये रिश्ता क्या कहलाता है का इमोशनल ड्रामा दर्शकों को पसंद आता है

ये रिश्ता क्या कहलाता है (वाईआरकेकेएच) टीवी पर सबसे लंबे समय तक चलने वाला सीरियल है। शो में अरमान का किरदार निभाने वाले एक्टर रोहित पुरोहित का कहना है कि रिश्तों के मूल्य और इमोशनल ड्रामा दर्शकों को काफी पसंद आते हैं। उन्होंने आगे कहा, चाहे एक साथ सेलिब्रेट करने की खुशी हो या हमारे सामने आने वाली चुनौतियां, हमारे किरदार कई परिवारों के अनुभवों को दर्शाते हैं। दर्शक किरदारों के जीवन के उतार-चढ़ाव से जुड़े होते हैं, और वे पारिवारिक मूल्यों को समझते हैं। यह शो व्यक्तिगत स्तर पर लोगों के दिलों तक पहुंचता है। रोहित के लिए अरमान का किरदार निभाना काफी दिलचस्प है, जो जिंदगी के सभी उतार-चढ़ाव से भरपूर है। उन्होंने कहा, अरमान का किरदार निभाना उतार-चढ़ाव भरा रहा। मुझे अच्छा लगता है कि कैसे लेखक उनके किरदार में नए-नए शेड्स शामिल करते हैं। ये ट्विस्ट एंड टर्न दर्शकों को शो से बांधे रखते हैं। चाहे वह अभिरा के साथ अरमान की प्रेम कहानी हो या अन्य किरदारों के साथ उसका संघर्ष, इस शो का हिस्सा बनने के लिए मेकर्स का आभारी हूं।

रोहित को अपने परिवार से पूरा सपोर्ट है। वह भी शो के काफी बड़े फैन हैं। उन्होंने कहा, हां, मेरा परिवार मेरा सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम है। वे ये रिश्ता क्या कहलाता है का एक भी एपिसोड मिस नहीं करते। वे मेरे सबसे बड़े आलोचक और चीयरलीडर्स हैं।

